## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 19.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर करेंगे उच्चस्तरीय बैठक; सुरक्षा तैयारियों की करेंगे समीक्षा।**

2. **ग्रामीण कार्य विभाग मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 14 नये इंजीनियर बनाये गये आरोपी, रांची की विशेष अदालत में 5वीं सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल।**

3. **नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, चतरा में प्रतिबंधित संगठन टीपीसी के 5 उग्रवादी हथियारों के साथ गिरफ्तार।**

4. **रांची में आयोजित 17वीं झारखंड राज्य पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आज होगा समापन; कबड्डी और खो–खो में जैप की टीम बनी चैंपियन।**
5. **राज्य में कल 70 किमी की रफ्तार से चलेगी धूल भरी आंधी; ओलावृष्टि और वज्रपात को लेकर मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी।**

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। रांची में होने वाली इस उच्चस्तरीय बैठक में सभी जिलों के उपायुक्त और एसपी शामिल होंगे। डीजीपी तदाशा मिश्रा ने सभी पुलिस अधीक्षकों को सुरक्षा तैयारियों की विस्तृत रिपोर्ट के साथ तैयार रहने का निर्देश दिया है।

*********************

राज्य के ग्रामीण कार्य विभाग से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने रांची की विशेष अदालत में पांचवीं सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। इसमें 14 नए इंजीनियरों और अधिकारियों को आरोपी बनाया गया है। जांच में टेंडर के बदले तीन प्रतिशत कमीशनखोरी और 90 करोड़ रुपये के अवैध लेन–देन का खुलासा हुआ है।

*********************

चतरा में पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए टीपीसी संगठन के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पिपरवार पुलिस ने बेंती मैदान के पास घेराबंदी कर इन्हें अवैध हथियारों और चोरी की बाइक के साथ पकड़ा। पुलिस के अनुसार, ये सभी हाल ही में महेंद्र गंझू के घर हुई फायरिंग की घटना में शामिल थे।

*********************

उधर, जामताड़ा में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्माटांड़ क्षेत्र से 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि पदनडीह गांव के पास से पकड़े गए इन आरोपियों के पास से 13 मोबाइल, 18 फर्जी सिम और एक लैपटॉप बरामद हुआ है।

*********************

राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने संसद में लोहरदगा रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर शहीद पाण्डेय गणपत राय रेलवे स्टेशन करने की मांग उठाई है। शून्य काल के दौरान उन्होंने 1857 के महान सेनानी के बलिदान को याद करते हुए कहा कि अनसंग हीरोज को सम्मान देना हमारा कर्तव्य है।

*********************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने जिले में रसोई गैस की किल्लत दूर करने के लिए तेल कंपनियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने वितरकों को लंबित बुकिंग जल्द निपटाने और सुचारू होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे गैस एजेंसियों पर भीड़ न लगाएं। उपायुक्त ने गैस संकट को देखते हुए 5 लीटर के छोटे सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

*********************

गढ़वा जिले की डंडई सदर पंचायत की मुखिया धनवंती देवी के कुशल नेतृत्व में यह पंचायत अब पूरी तरह टीबी मुक्त घोषित कर दी गई है। मुखिया धनवंती देवी को स्वास्थ्य, विकास और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में

उनके शानदार कार्यों के लिए एक साथ तीन प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया है। टीबी उन्मूलन के अलावा, उन्हें महिला हितैषी ग्राम पंचायत और पंचायत उन्नति सूचकांक में बेहतर प्रदर्शन के लिए भी पुरस्कृत किया गया।

********************

इधर, हजारीबाग की कंचनपुर पंचायत की मुखिया पिंकी राणा को जल जीवन मिशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया है। उन्होंने 950 घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया और रख–रखाव के लिए एक अनोखा सामुदायिक मॉडल तैयार किया। गांव लौटने पर ग्रामीणों ने अपनी इस जल शक्ति नायिका का भव्य स्वागत किया। मुखिया ने इस सम्मान के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया है।

********************

देवघर में तीन दिवसीय राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव का रंगारंग समापन हो गया। मंत्री हफीजुल हसन और उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों और बॉलीवुड गायिका मधुबंती बागची ने प्रस्तुतियां दीं। प्रशासन ने देवघर को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और लोक कलाओं को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया।

********************

झारखंड समेत देशभर में आज से चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व शुरू हो गया है। आज पहले दिन श्रद्धा के साथ कलश स्थापना की गई और मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना हो रही है। 27 मार्च तक चलने वाले इस उत्सव में भक्त सुख–समृद्धि की कामना के साथ नौ दिनों तक उपवास रखेंगे। रामगढ़ के रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए विशेष तैयारियां की गई हैं।

********************

रामगढ़ में आगामी त्योहारों को लेकर भुरकुंडा और भदनीनगर में शांति समिति की बैठक हुई। एएसपी गौरव गोस्वामी ने सरहुल, ईद और रामनवमी के जुलूसों के लिए सुरक्षा का भरोसा देते हुए समितियों से सहयोग मांगा। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

********************

बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण कल पूरे झारखंड में 60 से 70 किलोमीटर की रफ्तार से धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने राज्यभर में ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए ओलावृष्टि और वज्रपात की चेतावनी दी है। प्रशासन ने नागरिकों से खराब मौसम में सुरक्षित रहने की अपील की है।

********************

रांची के डोरंडा स्थित जैप–1 परिसर में आयोजित 17वीं झारखंड राज्य पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन आज शाम 4 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में होगा। प्रतियोगिता में जैप की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कबड्डी और खो–खो के पुरुष एवं महिला, दोनों वर्गों का खिताब अपने नाम कर लिया है।

********************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के समापन पर मुख्यमंत्री के संबोधन को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– बिना इंटरव्यू 90 प्रतिशत शिक्षक बने एसोसिएट प्रोफेसर, अब बनेंगे प्रोफेसर।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– जी राम जी के खिलाफ विधानसभा से प्रस्ताव पारित।

**प्रभात खबर** के शब्द हैं– नेतरहाट घाटी क्षेत्र में बनेगा टनल, पहुंचना होगा आसान।

**दैनिक जागरण** के अनुसार– लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं हुई तो हाई कोर्ट पारित करेगा परमादेश।

********************